NBT
संडे नवभारत टाइम्स
www.delhi.nbt.in
। संडे नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली । 8 मार्च 2020

कई स्कूलों में 6 से 8वीं तक के एग्जाम टालने पर विचार

■ विशेष संवाददाता, नई दिल्ली

कोरोना वायरस के बढ़ते खतरे को देखते हुए स्कूल प्रशासन भी परेशान हैं। शिक्षा निदेशालय के आदेश पर पांचवीं तक के स्कूल तो बंद हो गए हैं और पांचवीं तक के बच्चों के एग्जाम भी कैंसल हो गए हैं, जो पेपर बच गए हैं, उनमें पिछले यूनिट टेस्ट के आधार पर औसत नंबर दे दिए जाएंगे।

कई स्कूल 6 से 8वीं तक के बच्चों के एग्जाम भी टालने पर विचार कर रहे हैं। एमएम पब्लिक स्कूल पीतमपुरा में अभी मिडिल क्लासेज के आधे एग्जाम हुए हैं और स्कूल अब मिडिल क्लासेज के एग्जाम भी टालने पर विचार कर रहा है। स्कूल की प्रिंसिपल रूमा पाठक का कहना है कि 8वीं क्लास तक छोटे बच्चे होते हैं और ऐसे में उनकी सेफ्टी का भी बड़ा सवाल है। इस समय बच्चों की सुरक्षा सबसे पहले हैं और सोमवार को स्कूल इस बारे में फैसला करेगा कि क्या मिडिल क्लासेज के एग्जाम टाले जाएं। वीएसपीके इंटरनैशनल स्कूल, रोहिणी का कहना है कि पांचवीं तक के बच्चों के बचे हुए एग्जाम अब नहीं लिए जाएंगे। स्कूल के चेयरमैन एसके गुप्ता का कहना है कि अगर शिक्षा निदेशालय 6 से 8वीं क्लास तक के बारे में कोई गाइडलाइंस जारी करता है, तो स्कूल उसको फॉलो करेगा।

गुरुद्वारों में बांटे जाएंगे फ्री मास्क

■ वस, नई दिल्ली : कोरोना वायरस के बचाव के लिए दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक समिति ने लोगों को मुफ्त मास्क देने की घोषणा की है। समिति के अध्यक्ष मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि बाजारों में मास्क मुश्किल से मिल रहे हैं। इसे देखते हुए समिति ने लोगों को फ्री मास्क उपलब्ध कराने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि 8 मार्च से गुरुद्वारा बंगला साहिब में लोगों को मास्क वितरण किया जाएगा। यहां 10 हजार मास्क का प्रबंध किया गया है।